# यूपी में निवेश बढ़ाने के लिए हैदराबाद में हुआ भव्य रोड शो

**हैदराबाद/ लखनऊ, हिटी।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो -2025 को लेकर योगी सरकार द्वारा आयोजित रोड शो श्रंखला के तहत शुक्रवार को हैदराबाद के एफटीसीसीआई में दूसरा रोड शो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक उद्योगपतियों, निर्यातकों, व्यापार सलाहकारों और व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया।

**उत्तर प्रदेश है भारत का विकास इंजन:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम, टेक्सटाइल एवं रेशम मंत्री राकेश सचान ने कहा, "योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश न केवल देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना है, बल्कि अब वैश्विक व्यापार का केंद्र भी बनता जा रहा है।

**यूपी और तेलंगाना साथ आएं तो चमत्कार संभव:** यूपी के अपर आयुक्त ( उद्योग ) राजकमल यादव ने कहा कि यूपीआईटीएस भारत का पहला राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो है। बीते वर्ष इसमें 500 से 600 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ

**एक मंच पर पूरी व्यापारिक व्यवस्था:** एफटीसीसीआई अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंघल ने उत्तर प्रदेश की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन देश के सभी राज्यों को राष्ट्रीय सहयोग और घरेलू निर्यात के लिए प्रेरित करेगा।